आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 26.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- आज देशभर में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया।
- देहरादून में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।
- गणतंत्र दिवस पर परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम स्थान मिला।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई।

---------

**<u>गणतंत्र दिवस</u>**

आज देशभर में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया। समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। राष्ट्रपति परेड के मुख्य अतिथि, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ एक औपचारिक बग्गी में कर्तव्य पथ पहुंचीं। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ और 21 तोपों की सलामी दी गई। कर्तव्य पथ पर कुमाऊँ रेजिमेंट, 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर तथा 11 गोरखा राइफल्स के संयुक्त सैन्य बैंड में शामिल 74 संगीतकारों का अनुशासित एवं समन्वित मार्च किया।

वहीं प्रदेशभर में भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। देहरादून के परेड मैदान में गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने झंडा फहराया और परेड की सलामी ली। समारोह में विभिन्न विभागों की झाकियां भी निकली गईं। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक देकर सम्मानित किया। उधर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने गणतंत्र दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है, और हर राज्य का विकास हो रहा है। श्री टम्टा ने कहा कि शहीदों ने देश के लिए जो सपना देखा था वह साकार हो रहा है।

## गणतंत्र दिवस

राज्य के विभिन्न स्थानों पर आज गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। राजधानी देहरादून और ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण सहित सभी जिलों के ब्लाक और तहसीलों में तिरंगा फहराया गया। साथ ही विद्यालयों में देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रुद्रप्रयाग में जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने ध्वज फहराया। वहीं केदारनाथ धाम में आई टी बी पी के जवानों ने झंडा फहराया। उत्तरकाशी में भी स्कूलों में बच्चों ने प्रभात फेरियां निकाली। टिहरी जिले में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने नई टिहरी स्थित प्रताप इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर और उधम सिंह नगर जिलों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर सीमांत जिला पिथौरागढ़ के सभी तहसीलों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने झंडारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने सभी जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने देश, प्रदेश और जनपद के विकास के लिए सभी के साथ मिलकर काम करेंगे।

वहीं चम्पावत में विभिन्न स्कूल कालेज के छात्रों , पुलिस , एसएसबी , स्वयंसेवी संस्थाओं ने रैली निकाली और कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। जिला ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## सूचना विभाग की झांकी

गणतंत्र दिवस पर परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सूचना विभाग की झांकी ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। झांकी में राज्य के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा के साथ ही तीर्थाटन एवं पर्यटन विकास से जुड़े पहलुओं को दिखाया गया। झांकी के प्रथम भाग में गंगा मन्दिर, मुखवा को प्रदर्शित किया गया। झांकी के अग्रिम केबिन में उत्तराखण्ड गठन के 25 गौरवशाली वर्ष प्रदर्शित किए गए। झांकी के ट्रेलर भाग में उत्तराखण्ड को आयुर्वेद के अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो राज्य की औषधीय पौधों एवं जड़ी–बूटियों की प्राचीन चिकित्सा पद्धति को रेखांकित करती है। ट्रेलर के द्वितीय खंड में उत्तराखण्ड की होम स्टे योजना को दर्शाया गया। झांकी के अंतिम भाग में उठते हुए स्तंभों के माध्यम से उत्तराखण्ड की वर्ष–दर–वर्ष प्रगति को दर्शाया गया, जो राज्य के सतत विकास का प्रतीक है।

**यूसीसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी के 1 साल पूरा होने पर कहा, कि 27 जनवरी का दिन हमारे राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां चार धाम, गंगा, यमुना का उद्गम स्थान है। सुरक्षा की दृष्टि से भी हमारा राज्य बेहद संवेदनशील है, ऐसे में राज्य में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक समान कानून लागू होना चाहिए था और हमने ऐसा करके दिखाया है। श्री धामी ने कहा कि देश की आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में इसका प्रावधान किया था कि देश में समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। उसे सबसे पहले लागू करने का काम उत्तराखंड के लोगों ने किया है। उसका एक साल सफलता पूर्वक पूरा हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य स्तर पर लिए निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सभी आगे आएं। जिससे कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

**मौसम**

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश और ऊंचाइ ेवाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 29 जनवरी तक प्रदेशभर के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। 30 जनवरी को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि 31 जनवरी को मौसम करवट ले सकता है।

............